# महायोजना : विकसित होगा औद्योगिक गलियारा

झांसी। झांसी में अब बरुआसागर और कानपुर रोड पर नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। झांसी विकास प्राधिकरण ने महायोजना-2031 में इन दोनों स्थानों पर औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए हैं, जिसे 26 जुलाई को ही शासन की मंजूरी मिल चुकी है।

महायोजना 2031 में औद्योगिक भू-उपयोग के तहत 1382.82 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है, जो कुल क्षेत्रफल का 7.12 प्रतिशत है। नई महायोजना में मुख्य रूप से बरुआसागर और कानपुर मार्ग पर पारीछा पावर प्लांट के पास औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित है। बताया गया कि पहले से ही इन स्थानों पर थोड़ी बहुत औद्योगिक गतिविधियां हो रही हैं। अब यहां उद्योग स्थापित करने के लिए लोग खुद ही भू-स्वामी से जमीन खरीद सकेंगे। यहां औद्योगिक पार्क बन सकेगा। फैक्टरी लग सकेंगी।

उद्योग स्थापना के लिए नियम-शर्तें भी सरल होंगी। जेडीए उपाध्यक्ष आलोक यादव का कहना है कि इन दोनों स्थानों पर औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी। ब्यूरो

## बुंदेलखंड का औद्योगिक नगर बन रहा झांसी

झांसी में औद्योगिक शहर बीडा बसाया जा रहा है। इसे 33 गांवों की 22 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा गरौठा तहसील में 1034 हेक्टेयर में डिफेंस कॉरिडोर विकसित हो रहा है। 15 से अधिक औद्योगिक इकाइयों को जमीन उपलब्ध करा दी गई है। जल्द ही इन फैक्टरियों में सुरक्षा उपकरण निर्माण का काम शुरू होगा। ऐसे में बुंदेलखंड में झांसी औद्योगिक नगरी के रूप में उभर रहा है।

**महायोजना 2031 में प्रस्तावित की गई है 1382.82 हेक्टेयर भूमि**